Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding exploration of minerals available in Chhota Udaipur Parliamentary Constituency of Gujarat.

श्रीमती गीताबेन वजेसिंहभाई राठवा (छोटा उदयपुर): अध्यक्ष महोदय, मेरे क्षेत्र के बहुत से महत्वपूर्ण प्रश्न है, उस पर बोलने के लिए आपने मुझे मौका दिया, मैं आपका धन्यवाद करती हूं । मैं आपके माध्यम से कहना चाहती हूं कि मेरा संसदीय क्षेत्र छोटा उदयपुर, गुजरात में विभिन्न तरह के खनिज पदार्थ जैसे फ्लोराइड, ग्रेनाइट, डोलोमाइट, लेथेनाइट इत्यादि भंडार है । पूर्व गुजरात सरकार द्वारा कवांट ताल्लुका के कड़ीपानी और अमबाडुनगर में फ्लोराइड खनन का कार्य किया जाता था, जिससे राज्य सरकार को राजस्व की प्राप्ति होती थी, इसके साथ ही क्षेत्र के हजारों स्थानीय निवासियों को भी रोजगार की प्राप्ति होती थी ।

वर्तमान में कुछ अप्रत्याशित कारणों की वजह से यह कार्य बंद है । मेरे संसदीय क्षेत्र छोटा उदयपुर गुजरात में अभी भी अनेक प्रकार के खनिज सम्पदा के भंडार होने की संभावना है । वर्तमान में पुनः उसी स्थान पर कवांट तालुका में लेथेनाइट और रेअर अर्थ एलिमेंट के भंडार होने का पता चला है । वह सोना से भी अधिक कीमत वाला है ।

महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन करती हूं कि खनन मंत्रालय के अधिकारियों के एक दल को यथाशीघ्र छोटा उदयपुर में गहन जांच के लिए भेजा जाए, जिससे क्षेत्र में उपलब्ध खनिज सम्पदा की सही वस्तुस्थिति का पता चल सके और इन संसाधनों की विस्तृत कार्य योजना बना कर हजारों स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार का अवसर प्रदान किया जा सके ।

माननीय अध्यक्ष : श्री नारणभाई काछड़िया को श्रीमती गीताबेन वजेसिंहभाई राठवा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।